# भविष्य की ऊर्जा है ग्रीन एनर्जी बदल देगी दुनिया की तकदीर

## सीएम योगी ने प्रदेश के पहले ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट का किया लोकार्पण

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को पर्यावरण सुरक्षा में हरित ऊर्जा (ग्रीन एनर्जी) की भूमिका को विस्तार से बताया। कार्बन उत्सर्जन के चलते हो रहे जलवायु परिवर्तन से मानव सभ्यता और जीवसृष्टि पर उत्पन्न खतरे को रेखांकित कर नेट जीरो तक पहुंचने के लक्ष्य का महत्व भी समझाया। खजनी में प्रदेश के पहले और देश के दूसरे ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे सीएम योगी ने ग्रीन हाइड्रोजन एनर्जी को भविष्य बताते हुए कहा कि आने वाले समय में ऊर्जा के क्षेत्र में यह दुनिया की तकदीर बदल देगा।

खजनी के खानिमपुर में टोरेंट समूह के ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से स्थापित यह प्लांट प्रदूषण मुक्त उर्जा प्राप्ति की दिशा में मील का पत्थर होगा। पर्यावरण की रक्षा और रोगों से बचाव में ग्रीन एनर्जी की बड़ी भूमिका है। मुख्यमंत्री ने बताया कि ग्रीन हाइड्रोजन जल से मिलेगा। जल में दो हिस्सा हाइड्रोजन और एक हिस्सा आक्सीजन होता है। यहां ग्रीन हाइड्रोजन और सीएनजी-पीएनजी की ब्लेंडिंग होगी। इसके बाद इसे घर घर रसोई गैस के रूप में पहुंचाया जायेगा। प्लांट में हर वर्ष 72 टन ग्रीन हाइड्रोजन बनेगा। इससे पांच सौ टन कार्बन उत्सर्जन कम होगा। दो प्रतिशत ग्रीन हाइड्रोजन कंप्रेस्डर नेचुरल गैस (सीएनजी) और पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) में मिलाया जाएगा। इससे ईंधन की गुणवत्ता में बढ़ोतरी होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संसाधन की पर्याप्त उपलब्धता से उत्तर प्रदेश बड़े पैमाने पर ग्रीन एनर्जी बनाने में सामर्थ्यवान है। खानिमपुर में ही 10 मीटर गहराई में जाएं तो पानी मिल जाता है। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप हमें वायुमंडल में छोड़ी गई ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा और वायुमंडल से हटाई गई ग्रीनहाउस गैसों की मात्रा के बीच संतुलन स्थापित करते हुए नेट जीरो की तरफ बढ़कर, कार्बन उत्सर्जन न्यूनतम करना होगा। उज्ज्वला योजना के माध्यम से 10 करोड़ परिवारों को निशुल्क रसोई गैस कनेक्शन इस मिशन का हिस्सा है। स्वतंत्रता दिवस पर भी पीएम ने उज्जवला योजना के लिए बड़ी धनराशि की घोषणा की। स्ट्रीट लाइट में पहले सामान्य बल्ब लगते थे जिससे अधिक कार्बन उत्सर्जन होता था। अब एलईडी स्ट्रीट लाइट से कार्बन उत्सर्जन कम हुआ।



गोरखपुर के खानिमपुर में टोरेंट समूह की ओर से ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट के उद्घाटन अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते मुख्यमंत्री योगी • जागरण

### रीजेंसी हास्पिटल का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गोरखपुर में रीजेंसी हास्पिटल का लोकार्पण करने के साथ अस्पताल के पेशेंट एप 'रीजेंसी माई केयर' को भी लांच किया। मुख्यमंत्री ने अस्पताल के प्रबंध निदेशक डा. अतुल कुमार व सीईओ अभिषेक कपूर के साथ अस्पताल का निरीक्षण कर यहां उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 250 बेड का अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त मल्टी सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल का शुरू होना गोरखपुर और पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए बड़ी उपलब्धि है। कानपुर में रीजेंसी हास्पिटल चिकित्सा सेवा के बैक बोन के रूप में है और यूपी में इसकी श्रृंखला शुरू हो रही है। एक ही छत के नीचे यहां सभी सुविधाएं मिलेंगी, जिसका लाभ पूर्वी उत्तर प्रदेश, पश्चिमोत्तर बिहार और नेपाल के लोगों को भी मिलेगा। यहां 80 बेड के आइसीयू की भी सुविधा है।

संबंधित खबर » जागरण सिटी।